कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना भानुप्रतापपुर, जिला – कॉकेर, (छत्तीसगढ़)

क्रमांक /714 / मबाविपरि / ऑ0बा0नि0 / 2026–27 भानुप्रतापपुर, दिनॉक 28 / 10 / 2026

प्रति,

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर

विषयः– आंगनबाड़ी केन्द्र भानुप्रतापपुर 02 वार्ड क्र0 14 में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित बावत्।

––00––

भानुप्रतापपुर परियोजना अन्तर्गत रिक्त ऑ0बा0 केन्द्र में सहायिका के सूची प्रसारित परिशिष्ट (एक) पत्र कमॉक / 28 / दिनॉक 05 / 05 / 2026 में उल्लेखित केन्द्र के लिए आं0बा0 सहायिका की नियुक्ति किया जाना है, इस हेतु आवेदन पत्र वार्ड क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 14 एवं वार्ड क्रमांक 15 के इच्छुक महिला उम्मीद्वारों से आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के ऑनलाईन पोर्टल http://aww.e-bharti.in/user-manual के माध्यम से अंतिम तिथि 12.11.2026 तक आवेदन करेंगे, इसकी सूचना नगर पंचायत कार्यालय एवं परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास भानुप्रतापपुर एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भानुप्रतापपुर 2 के सूचना पटल पर सूचना चस्पा कर दिया गया है। अपने नगर पंचायत क्षेत्र के तीनो वार्ड में सूचना प्रसारित करवाने का कष्ट करे।

संलग्नः– परिशिष्ट–(एक) ।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
भानुप्रतापपुर जिला–कॉकेर

पृ0क0 / 715 / मबाविपरि / ऑ0बा0नि0 / 2026–2027 भानुप्रतापपुर, दिनॉक 28.10.2026

प्रतिलिपिः

1. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कॉकेर को सूचनार्थ ।
2. पर्यवेक्षक सेक्टर भानुप्रतापपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
भानुप्रतापपुर जिला–कॉकेर

परिशिष्ट – (एक)
आँगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका/पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने
"सूचना"

क्रमांक/716/मबाविपरि/ऑ0बा0नि0/2026–27 भानुप्रतापपुर, दिनॉक 28/10/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार ऑ0बा0 केन्द्रों में कार्यकर्ता/सहायिका पद रिक्त होने के कारण रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र **दिनाँक** 12/11/2026 संध्या 5.00 बजे तक महिला एवं **बाल विकास परियोजना कार्यालय ,भानुप्रतापपुर, जिला – कॉकेर** के आनलाईन पोर्टल http://aww.e-bharti.in/user-manual के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

कमॉक	केन्द्र का नाम	ग्राम/वार्ड का नाम	ग्राम पंचायत/ वार्ड तथा नगरीय निकाय का नाम	पद का नाम एवं पद सं0	
				कार्यकर्ता	सहायिका
1	भानुप्रतापपुर केन्द्र 02	वार्ड क्रमांक 14	भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 14	0	1
योग–				0	1

आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएं है :–

(1) आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह–सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी।

(2) आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना चाहिए, जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित हैं (शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए।)

(3) निवासी होने के प्रमाण में (I) ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगायी जावे अथवा (II) ग्राम पंचायत के सरपंच अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।

(4) आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :–

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु	12 वीं अथवा 11 वीं बोर्ड उत्तीर्ण
आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण

टीपः– उपरोक्तानुसार शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी इस अनुसार भी कोई आवेदिका न मिलने पर पुनः शिथिल मानकर आठवीं बोर्ड एंव इसके उपरान्त भी आवेदिका न मिलने पर पॉचवी उर्तीण रखी जावेंगी। सहायिका पद में भी उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पत्र पर भी विचार किया जावेगा।

(1) अनुभवी कार्यकर्ता/ सहायिका होने पर गरीबी रेखा परिवार का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र, अनुसूचित जाति ,जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा परित्यक्ता अथवा तलाक शुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिये जावेंगे।

(2) संबंधित ग्राम के निवासियों का ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा। कृपया अन्य ग्राम के निवासी आवेदन प्रस्तुत न करें।

(3) गरीबी रेखा प्रभाव शील सूची का प्रमाण पत्र संक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

(4) सहायिका पद के उम्मीद्वार **ग्रेडिंग में परीक्षा फल प्राप्त किये हो, ऐसे उम्मीद्वार के द्वारा प्राप्तांक एवं पूर्णांक की प्रमाण पत्र** अध्यन शाला से प्राप्त कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(5) आनलाईन आवेदन के पश्चात् आवेदन फार्म की छायाप्रति एवं समस्त दस्तावेज परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना भानुप्रतापपुर में लाना सुनिश्चित करे।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
भानुप्रतापपुर, जिला – उ0ब0 कॉंकेर

पृ.क./717/मबाविपरि/आबानि0/2026–27 भानुप्रतापपुर, दिनांक 28/10/2026

प्रतिलिपिः–

1. जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला – उ0ब0 कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत भानुप्रतापपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित। कृपया विज्ञापन एवं निर्धारित आवेदन पत्र नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करें। तथा सूचना प्रसारित कराने का कष्ट करेंगे।
3. संबंधित पर्यवेक्षक श्रीमती उषा पोटाई सेक्टर भानुप्रतापपुर परियोजना भानुप्रतापपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास परियोजना
भानुप्रतापपुर, जिला – उ0ब0 कॉंकेर